# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–27 मार्च 2024** **7:20 AM**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि आज , कई उम्मीदवारों ने कल जमा किये नामांकन पत्र।
- निर्वाचन आयोग ने मौसम को देखते हुए विभिन्न प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को दी सलाह–मतदान केंद्रों पर रखें मुकम्मल इंतजाम
- टनकपुर में प्रसिद्ध पूर्णागिरि देवी मेला शुरू , भक्तों की भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने बरेली से टनकपुर के लिये बीस नयी बसें चलाईं
- प्रदेश में कई जगहों पर कल भी धूमधाम के साथ मनाई गई होली

**********

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने का आज आखिरी दिन है । तीन दिनों के अवकाश के बाद नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया कल फिर से शुरू हुयी । मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट के लिए भाजपा से केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान ने प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की उपस्थिति में नामांकन किया । इस सीट से सपा के हरेंद्र मलिक और बसपा के दारा सिंह ने भी नामांकन दाखिल किया । इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी गौतम आनंद, प्रदीप कुमार, नील कुमार, चरण सिंह, राजकिशोर गर्ग, ओमपाल सिंह, नंदकिशोर पुंडीर और कविता पुंडीर ने पर्चा भरा है। मुरादाबाद से भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश कुमार सिंह ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र जमा किया। नगीना लोकसभा सीट से सपा के मनोज कुमार, बसपा के सुरेंद्र पाल सिंह, समाजवादी आंदोलन पार्टी के धर्मवीर सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ डेमोक्रेटिक के रविन्द्र भारती और आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। बिजनौर लोकसभा सीट से बसपा के विजेंद्र सिंह, मजलूम समाज पार्टी के फरमान, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रोटिक के राजपाल सिंह और मजदूर किसान यूनियन पार्टी से रामधन सिंह ने पर्चा दाखिल किया ।

पीलीभीत लोकसभा सीट के लिए सपा के उम्मीदवार और पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू और निर्दलीय प्रत्याशी आदर्श पांडेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया । शामली जिले के कैराना लोकसभा क्षेत्र के लिए सपा से इकरा हसन और बसपा से श्रीपाल सिंह ने पर्चा भरा। सहारनपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस इंडिया गठनबंधन के इमरान मसूद ने और बसपा के माजिद अली ने पर्चा दाखिल किया । रामपुर जिले से छह निर्दलीय प्रत्याशी सिफात अली खां, अशोक कुमार, जगत सिंह, अब्दुल कादर और शिव प्रसाद कल तक नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

पहले चरण की लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी और तीस मार्च तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीटों के लिए उन्नीस अप्रैल को चुनाव होगा । इसमें एक करोड़ तैंतालिस लाख मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतगणना चार जून को होगी।

**********

निर्वाचन आयोग ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस वर्ष मार्च से जून माह के दौरान सामान्य से अधिक तापमान रहने के मौसम विभाग के अनुमान के मद्देनजर परामर्श जारी किया है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मतदान केंद्रों पर पेयजल और छाया सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि मतदान दलों और मतदाताओं को आवश्यकता पड़ने पर ओआरएस मुहैया कराया जाए ताकि ये लोग गर्मी के मौसम में लू से खुद को बचा सकें। इसके अलावा मतदान केदो पर पीने के पानी के लिए नल की स्थाई व्यवस्था,पेयजल के बर्तनों के पर्याप्त इंतजाम, टेंट व टेबल कुर्सी और बेंच की उचित व्यवस्था और महिला एवं पुरूष मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में अलग–अलग शौचालयों की व्यवस्था करने को कहा गया है । चुनाव आयोग ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि मतदाताओं और मतदान कर्मचारियों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त संख्या में मेडिकल किट की व्यवस्था हो और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की तैनाती भी मतदान केंद्रों पर की जाए।

**********

उत्तराखण्ड के टनकपुर में प्रसिद्ध पूर्णागिरि देवी मेला कल से शुरू हो गया । इसे देखते हुए उत्तराखण्ड की सीमा से सटे प्रदेश के पीलीभीत जनपद में भी व्यापक तैयारियां की गई हैं। पीलीभीत से टनकपुर के बीच संचालित उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की पांच बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं । निगम ने टनकपुर–बरेली वाया पीलीभीत के लिए बीस नयी बसों का संचालन भी शुरू किया है । तीर्थ यात्रियों के आवागमन को लेकर उनके ठहरने के लिए पंडालों और भोजन के लिए भंडारों आदि की व्यवस्था भी कई समाजसेवी संस्थाओं द्वारा की गई हैं।

**********

गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में कल होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया । लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर बधाई दी और फाग गीतों पर जगह जगह थिरकते नजर आए । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में होलिका दहन की राख से तिलक लगा कर होली की शुरूआत की । उन्होंने गुरू गोरक्षनाथ की पूजा अर्चना के बाद गायों को तिलक लगा कर गुड़ और चना भी खिलाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गोरखपुर शहर के घंटाघर क्षेत्र में आयोजित भगवान नरिंसह शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए । उन्होंने भगवान नरसिंह की आरती उतारी और रंग गुलाल के साथ फूलों की होली खेली । मुख्यमंत्री ने फाग गीतों का भी आनंद लिया । भगवान नरसिंह की परम्परागत शोभायात्रा का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता है । इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जहां समाज सुखी हो होगा, समृद्ध होगा, सुरक्षित होगा, वहीं पर उत्साह और उमंग होगा। यह त्योहार इस बात को प्रदर्शित करता है।

मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर स्थित सभागार में कल शाम को आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में भी शामिल हुए । हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट

**गोरखपुर जनपद के गोरखनाथ मंदिर के स्मृति भवन सभागार में कल देर शाम प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुआई में होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया । इसमें उपस्थित जनसमूहों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूलों की होली खेली तथा लोगों को होली की बधाई भी दी इस दौरान भजन कीर्तिन का भी आयोजन किया गया। जनपद में दिनभर शान्पूिर्ण वातावरण में होली खेली गयी। लोगों ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। किसी प्रकार की अनहोनी घटना से बचने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। तथा स्वास्थ्य विभाग भी आपातकालीन घटनाओं से निपटने के लिए एलर्ट रहा। हालांकि जनपद में छिटपुट घटनाओं के साथ शान्तिपूर्ण होली खेली गयी ।**

उधर, बलरामपुर जिले के तुलसीपुर नगर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर होली के दूसरे दिन विशाल शोभायात्रा निकाली गयी । शक्तिपीठ के महंत योगी मिथलेश नाथ के संरक्षण में शक्ति पीठ से निकली इस शोभायात्रा नें पूरे नगर में भ्रमण किया। इसमें श्रद्धालुओं ने एक दूसरे के साथ अबीर गुलाल और फूलों की होली खेली ।

होली का उत्साह कल भी प्रदेश में कई जगहों पर देखने को मिला। मथुरा में कल ब्रज के राजा दाऊजी महाराज का विश्व प्रसिद्ध हुरंगा मनाया गया। हुरंगा पर हुरियारनों ने नृत्य महारास किया। इसे देखने लोगों का जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान बैंड–बाजे की धुन पर होली गीतों का गायन किया गया। सैकड़ों महिलाओं ने परंपरागत पोशाक लहंगा, फरिया, स्वर्ण आभूषण पहनकर गायन के साथ नृत्य किया।

पीलीभीत के माधोटांडा में भी कल महिलाओं ने होली खेली। महिलाएं गांव के ठाकुरद्वारा मंदिर में एकत्र हुईं, जहां एक दूसरे को रंग लगाकर खूब जश्न मनाया। वहां पहुंचे कई नवयुवकों को भी रंग लगाया गया।

होली को सकुशल संपन्न कराने के बाद कल जौनपुर पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक की अगुआई में पुलिस ने होली खेली। इस दौरान होली मिलन समारोह में पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने एक दुसरे को रंग लगा कर होली की बधाई दी। वहीं हापुड़ की रिजर्व पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह में पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। अमरोहा जिले की पुलिस लाइन में भी पुलिसकर्मियों ने गीत संगीत के बीच होली मनाया।

**********